डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

## प्रेस विज्ञप्ति

# फ्रैंकफर्ट पुस्तक मेले में साहित्य अकादेमी की भी भागीदारी

**नई दिल्ली 15अक्टूबर 2023;** जर्मनी के फ्रैंकफर्ट शहर में आयोजित हो रहे दुनिया के सबसे बड़े पुस्तक मेले के 75 वें संस्करण में साहित्य अकादेमी भी भाग ले रही है। 16 से 20 अक्टूबर 2024 तक आयोजित इस पुस्तक मेले में दुनिया भर के 130 देशों के 17,000 से अधिक प्रकाशक, पुस्तक एजेंट, लेखक और अन्य अधिकारी आदि भाग ले रहे हैं। इंडियन पेवेलियन में भारत के 30 से ज़्यादा सरकारी और निजी प्रकाशकों के स्टाल लगे हैं। यह पुस्तक मेला पुस्तक बेचने से ज्यादा पुस्तकों के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में अनुवादों और कॉपीराइट अधिकारों की ख़रीद-फरोख्त के लिए जाना जाता है।

साहित्य अकादेमी ने अपने स्टाल पर अपने यहाँ से प्रकाशित 100 से अधिक पुस्तकों के कॉपीराइट उपलब्ध कराए हैं जिससे उनके अनुवाद अनेक विदेशी भाषाओं में शीघ्र और बिना किसी अड़चन के प्रकाशित हो सकें। यह जानकारी देते हुए साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि साहित्य अकादेमी ने विभिन्न भारतीय भाषाओं के लेखकों की कुछ पुस्तकों के कॉपीराइट उपलब्ध कराए हैं जिनमें बाल साहित्य भी शामिल है। आगे उन्होंने बताया कि इस बार साहित्य अकादेमी वहां तीन कार्यक्रम भी आयोजित कर रही है, जिनमें 16 अक्टूबर को पैनल चर्चा "लिटरेरी हेरिटेज ऑफ इंडिया" और लेखक से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत प्रख्यात मराठी लेखक विश्वास पाटिल से बातचीत होगी। पैनल चर्चा में आईसीएसएसआर के सदस्य सचिव धनंजय सिंह भी शामिल रहेंगे। 17 अक्टूबर को प्रख्यात हिंदी कवि बद्री नारायण के साथ लेखक से भेंट कार्यक्रम आयोजित होगा।

ज्ञात हो कि साहित्य अकादेमी पिछले कुछ वर्षों से लगातार इस मेले में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है।

-के. श्रीनिवासराव

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in